15 July 2025_Copy of Layout 1 7/15/2025 1:54 PM Page 1


दैनिक

# नज़रिया खबर

*भारत सरकार के डीएवीपी व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापन के लिए मान्यता प्राप्त*




RNI:UTTHIN/2008/25052

वर्ष:18 | अंक: 16 | देहरादून, मंगलवार 15 जुलाई, 2025 | पृष्ठ: 08 | मूल्य: 1/रु. प्रति


## न्यूज डायरी

### राज्यपाल ने पहले सोमवार को राजभवन में विधिवत हवन और पूजा-अर्चना की



**देहरादून।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने सावन के पहले सोमवार को राजभवन में विधिवत हवन और पूजा–अर्चना कर प्रदेशवासियों की खुशहाली, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। इस आध्यात्मिक अनुष्ठान में विशेष रूप से देव संस्कृति विश्वविद्यालय, हरिद्वार के प्रतिकुलपति डॉ. चिन्मय पण्ड्या द्वारा हवन संपन्न कराया गया। राज्यपाल ने डॉ. चिन्मय पण्ड्या का हृदय से आभार व्यक्त किया।

### शिव धाम फाउंडेशन के वीडियो पर भी बीकेटीसी को आपत्ति

**देहरादून।** इसके अलावा सोशल मीडिया पर मौजूद एक फेसबुक अकाउंट जो कि शिव धाम फाउंडेशन के नाम से है, उस पर एक वीडियो जो की बदरीनाथ धाम का नहीं है, बल्कि किसी दूसरे मंदिर का नाम बदरीनाथ धाम बता कर जीर्णशीर्ण होने की बात कही जा रही है। इस वीडियो में बदरीनाथ धाम को सही करने के लिए डोनेशन मांगा जा रहा है तो वहीं वीडियो में जो मंदिर दिखाया जा रहा है, वो बिल्कुल भी बदरीनाथ धाम नहीं है। बल्कि, दूर–दूर तक यह बदरीनाथ धाम जैसा दिखाई भी नहीं देता है। इसके बावजूद भी शिव धाम फाउंडेशन किसी टूटे हुए मंदिर को बदरीनाथ धाम के रूप में दिखाकर चंदा मांगने की अपील कर रहा है। बदरी केदार मंदिर समिति के उपाध्यक्ष ऋषि प्रसाद सती ने कहा कि बदरीनाथ धाम के रखरखाव की जिम्मेदारी बदरी केदार मंदिर समिति के पास है।

## सीएम धामी ने पीएम मोदी से की भेंट, राज्य के विकास से संबंधित विभिन्न विषयों पर की चर्चा



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भेंट करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से शिष्टाचार भेंट कर उत्तराखण्ड के विकास से संबंधित विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन प्राप्त किया। मुख्यमंत्री ने राज्य के विकास में सहयोग के लिए केंद्र सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में उत्तराखण्ड विकसित भारत 2047 के विजन में अपनी प्रभावी भूमिका निभाने को तत्पर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्व के 27 देशों द्वारा प्रधानमंत्री जी को अपने देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान प्रदान किए जाने से सभी भारतवासी गौरवान्वित हैं।

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री जी को कार्तिक स्वामी मंदिर के प्रतिरूप और आदि कैलाश यात्रा पर कॉफीटेबिल बुक के साथ ही उत्तराखण्ड के उत्पाद कनार (धारचूला) का घी, लाल (पुरोला) चावल, बासमती चावल, काला जीरा, गंध रैण, जम्बू और स्थानीय शहद भेंट किये। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री से केदारनाथ धाम और बद्रीनाथ धाम की भांति ही हरिद्वार गंगा कॉरिडोर, ऋषिकेश गंगा कॉरिडोर और चम्पावत में शारदा कॉरिडोर के मास्टर प्लान के अनुरूप अवस्थापना विकास के लिए सीएसआर के माध्यम से वित्त पोषण के लिए संबंधित को निर्देशित करने का अनुरोध किया।

मुख्यमंत्री ने उत्तराखण्ड के उधमसिंह नगर स्थित नेपा फार्म को सेमी कन्डक्टर हब के रूप में विकसित करने लिए सेमी कन्डक्टर उद्योग लगाए जाने, दिल्ली व मेरठ के मध्य रीजनल रैपिड ट्रान्जिट सिस्टम को हरिद्वार तक विस्तारित करने और टनकपुर–बागेश्वर व ऋषिकेश–उत्तरकाशी रेल परियोजनाओं में मार्ग निर्माण का प्रावधान भी शामिल किये जाने के लिए संबंधित मंत्रालयों को निर्देशित किये जाने का प्रधानमंत्री से आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को उत्तराखण्ड में वर्ष 2026 में होने जा रही नंदा राजजात यात्रा की जानकारी देते हुए कहा कि इसके संचालन के लिए व्यापक रूप से पर्यावरण अनुकूल अवस्थापना सुविधाएं विकसित की जानी हैं।

शेष खबर पेज आठ पर देखे

## दून में टपकेश्वर मंदिर में लगी रही लम्बी लाइन



**देहरादून।** सावन के पहला सोमवार होने के कारण शिव भक्तों ने सुबह से ही शिवालयों का रूख किया। दून के टपेश्वर मंदिन में सुबह चार बजे से ही लम्बी–लम्बी लाइने लगनी शुरू हो गई है। शिव भक्तों ने अपनी बारी के लिए घंटों इंतजार किया। मंदिर को ओर से भक्तों के लिए विशेष इंतजाम किए थे।



## ऑपरेशन कालनेमि की तर्ज पर चले आरटीआई के दलालों के खिलाफ अभियान: मोर्चा

**विकासनगर (नजरिया खबर ब्यूरो)।** जन संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष एवं जीएमवीएन के पूर्व उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने कहा कि जिस प्रकार से सरकार द्वारा फर्जी बाबाओं के खिलाफ प्रदेश भर में कालनेमि नामक ऑपरेशन चला गया है,

उसी तर्ज पर सरकार को आरटीआई (सूचना अधिकार अधिनियम) के माध्यम से दलाली करने वाले दलालों ब्लैक मेलरों के खिलाफ सख्त अभियान चलाना चाहिए ,जिससे आईटीआई को पेशा बना चुके दलालों को शिकंजे में लिया जा सके एवं इस खेल पर रोक लग




पत्रकार वार्ता के दौरा मोर्चा के पदाधिकारी।

सके। नेगी ने कहा की आरटीआई का मकसद जन सरोकरों से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों और जनता को न्याय दिलाने के लिए बहुत कारगर हथियार है, लेकिन जिन लोगों का जनहित एवं जन सरोकरों से से दूर–दूर तक कोई लेना–देना नहीं है, वो लोग आरटीआई का सहारा लेकर लोगों को लूटने, ब्लैकमेल करने में लगे हैं।

नेगी ने कहा कि आलम यह है इन दलालों ने उन लोगों को भी नहीं छोड़ा जो बामुश्किल एक–दो कमरे का घर बनाते हैं उनको भी आरटीआई का डर दिखाकर लूटने का काम ये दलाल करते हैं द्यबड़े–बड़े बिल्डरों पर हाथ डालने की इनकी हिम्मत नहीं होती द्य रोचक तथ्य यह है कि ये दलाल पहली अपील तक ही पहुंचते हैं, सूचना आयोग में जाने की इनकी हिम्मत नहीं होती कि कहीं अगर आयोग ने पूछ लिया कि तुम्हारा मकसद क्या है। इस डर से ये दलाल सूचना आयोग में नहीं जाते द्यकई दलाल तो ऐसे हैं जो अब तक लाखों–करोड़ों रुपए जनता से ठग चुके हैं द्य इन दलालों का निशाना छोटे–छोटे अधिकारी–कर्मचारी होते हैं, जिनको ये आसानी से अपनी गिरफ्त में ले लेते हैं। अगर इन दलालों पर अंकुश न लगा तो ये महामारी जैसा रूप ले सकती है। मोर्चा इस दलाली को बंद कराने को लेकर कई बार मुख्यमंत्री, पुलिस महानिदेशक, मुख्य सूचना आयुक्त आदि से इस दलाली पर अंकुश लगाने को दस्तक दे चुका है, लेकिन कोई हिम्मत नहीं जुटा पा रहा।

# संपादकीय

## भारत ने सऊदी के साथ साइन कर ली बड़ी डील

भारतीय उर्वरक कंपनियों आईपीएल, कृभको और सीआईएल ने सऊदी अरब की खनन कंपनी मादेन के साथ इस वित्त वर्ष से पांच वर्षों के लिए प्रति वर्ष 3.1 मिलियन मीट्रिक टन डीएपी उर्वरक की आपूर्ति के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसमें आपसी सहमति से पांच वर्ष के विस्तार का प्रावधान भी है। इस समझौते पर रसायन एवं उर्वरक मंत्री जेपी नड्डा की उपस्थिति में हस्ताक्षर किये गये। भारत ने एक बार फिर से अपना कूटनीतिक जलवा दिखाया है। भारत ने सऊदी अरब के साथ ऐसी डील के दी कि चीन हाथ मिलता रह गया। 3.1 मिलियन टन डीएपी फर्टिलाइजर की डील, हेल्थ फार्मा सेक्टर में गहराता रिश्ता और रणनीति का नया अध्याय। 11 से 13 जुलाई तक केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने सऊदी अरब के दमाम और रियाद का दौरा किया। इस यात्रा में उन्होंने सिर्फ हाथ नहीं मिलाए, बल्कि भारत की खाद्य सुरक्षा को पक्का किया। भारत के प्रतिनिधिमंडल में फर्टिलाइजर विभाग के सचिव और विदेश मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल थे। उनकी एक ही प्राथमिकता डीएपी और यूरिया जैसी उवर्रकों की लॉन्ग टर्म सुरक्षा थी। इसके साथ ही एक ऐसा ऐतिहासिक समझौता भी दोनों देशों ने किया, जिसने चीन और पाकिस्तान जैसे देशों की नींद उड़ा दी है। भारतीय उर्वरक कंपनियों आईपीएल, कृभको और सीआईएल ने सऊदी अरब की खनन कंपनी मादेन के साथ इस वित्त वर्ष से पांच वर्षों के लिए प्रति वर्ष 3.1 मिलियन मीट्रिक टन डीएपी उर्वरक की आपूर्ति के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसमें आपसी सहमति से पांच वर्ष के विस्तार का प्रावधान भी है। इस समझौते पर रसायन एवं उर्वरक मंत्री जेपी नड्डा की उपस्थिति में हस्ताक्षर किये गये। भारतीय अधिकारियों ने कहा कि यह महत्वपूर्ण डीएपी उर्वरक की उपलब्धता में उल्लेखनीय वृद्धि दर्शाता है, जिससे मध्यम से दीर्घावधि में खाद्य सुरक्षा का लक्ष्य सुनिश्चित होता है। चीन उन देशों में से एक है जिन पर भारत डीएपी आपूर्ति के लिए निर्भर रहा है, और सरकार यूरिया के बाद भारत में सबसे अधिक इस्तेमाल होने वाले उर्वरक के लिए इस देश पर अपनी निर्भरता कम करना चाहती है।

# कंट्रोल रूम को अब तक मिली पेयजल से संबंधित 216 शिकायतें, 209 निस्तारित

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री के सुशासन एवं जनसेवा संकल्प के तहत पेयजल आपूर्ति से जुड़ी समस्याओं का त्वरित समाधान को लेकर जिला प्रशासन सर्तकता और सक्रियता से युद्वस्तर पर समस्या का निदान करने में जुटा है।

विगत 14 अप्रैल से लेकर 12 जुलाई तक कंट्रोल रूम को पेयजल की 216 शिकायतें मिली है, जिसमें से 209 शिकायतों का समाधान कर लिया गया है। जिलाधिकारी सविन बंसल ने पेयजल से जुड़े सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि बरसात के सीजन में भी हर घर तक शुद्ध पानी की सप्लाई निर्बाध रूप से जारी रहे। जनमन की समस्या प्रशासन की समस्या है। इसमें कोई लापरवाही न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए। सभी जल स्रोत और टैंकों का नियमित क्लोरीनेशन के साथ पानी की गुणवत्ता को मेंटेन किया जाए। पानी की शिकायत मिलते ही उसी दिवस को उसका समाधान कर लिया जाए। डीएम ने कहा कि हमारा लक्ष्य हर घर तक शुद्ध पेयजल की प्रतिदिन निबार्ध आपूर्ति सुनिश्चित



शिकायतें दर्ज करते हुए।

करना ही है। बजट की कोई कमी नही है। कहीं पर फंड की विशेष आवश्यकता है तो इसकी डिमांड उपलब्ध करें। जिलाधिकारी ने पेयजल समस्याओं के त्वरित समाधान को लेकर एडीएम की अध्यक्षता में जिले स्तर पर समिति गठित की गई है, जो नियमित रूप से पेयजल शिकायतों की मॉनिटरिंग में लगी है। डीएम के निर्देश पर पेयजल सप्लाई से जुड़े 07 विभागों के अधिकारी 20 अप्रैल से 24गुणा7 जिला कंट्रोल रूम में तैनात किए गए है। ओंकार रोड चुक्खुवाला में क्षेत्रवासी कमल रजवार की गंदा पानी आने की शिकायत पर अधिशासी अभियंता ने बताया कि 11 जुलाई को विभागीय ठेकेदार और कर्मचारी को मौके पर भेजा गया। निरीक्षण करने पर उपभोक्ता का व्यक्तिगत कनेक्शन क्षतिग्रस्त पाया गया, जिससे गंदा पानी आ रहा था। वहीं डीएल रोड में पानी ना आने की शिकायत पर बताया कि विद्युत में व्यवधान होने के कारण जलाशय न भरने से पानी की आपूर्ति आंशिक रूप से प्रभावित हुई थी। जलाशय भरने के बाद सप्लाई सुचारू हो गई है। खुडबुडा क्षेत्र में पानी की किल्लत होने की समस्या पर बताया कि लाइन का निरीक्षण करने पर एसजीआरआर परिसर में स्थापित नलकूप की मोटर में खराबी पाई गई।

# भारत में पहली बार डिजिटल जनगणना होगी-घर बैठे खुद भरे जनगणना का फॉर्म-पहली बार सेल्फ एंट्री की सुविधा



## भारत में शुरू होने वाली जनगणना, कई माइनों से अनोखी होगी-जाति, मकान सहित अनेक व्यक्तिगत जानकारियों से बहुत कुछ बदल जाने की संभावना

**गोंदिया।** वैश्विक स्तरपर यह सर्वविदित है कि भारत दुनियाँ की सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश है,जो142.6 करोड़ से भी अधिक है व चीन से बहुत आगे निकल गया है, जिसमें युवाओं की संख्या सबसे अधिक है जो भारत की सबसे बड़ी ताकत है, जिनके बल पर आज हम तेजी से विकास कर रहे हैं।

आज हम आज हम इस जनसंख्या विषय पर चर्चा करने की बात इस एंगल से कर रहे हैं क्योंकि 7 जुलाई 2025 शाम को सरकार से जानकारी आई कि भारत में 2027 में होने वाली जनगणना डिजिटल माध्यम से होगी,यानें घर बैठे हम खुद जनगणना का फॉर्म मोबाइल या किसी अन्य इंस्ट्रूमेंट पर भर सकते हैं, जिसके लिए सरकार एक पोर्टल लॉन्च करेगी।

दूसरी बात शुक्रवार 11 जुलाई 2025 को विश्व जनसंख्या दिवस है, मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र,यह मानता हूं कि भारत में 16 वर्षों के बाद जो डिजिटल जनगणना हो रही है उसमें काफी कुछ बदल जाने की संभावना है,यानें यहजनगणना अनोखी होगी, जिसमें जाति सहित अनेको सवालों की बौछार की जाएगी, जैसे फ्रिज टीवी वाहन प्रॉपर्टी घर मकान रोजगार इत्यादि अनेकों सवाल पूछे जाएंगे,आधार कार्ड की संलग्नता भी होगी, यानें जो लोग अभी संपन्न होते हुए भी, पर्दे के पीछे सरकारी योजनाओं का फायदा लाभ उठा रहे हैं, तथा टैक्स से बाहर हैं, उनकी आर्थिक संपन्नता पर्दे के पीछे ही है,सामने में वे हर क्षेत्र में आरक्षण सुविधा स्कीम,सरकारी योजनाओं का लाभ,जाली जाति कार्ड पर चुनाव लड़ रहे हैं,

इत्यादि अनेकों लाभ अपात्र होते हुए भी उठा रहे हैं, इस जनगणना से वो पर्दे के पीछे इंजॉय करने वाले भारी मात्रा में सामने आ जाएंगे व टैक्स के दायरे में आ जाएंगे,व इन सभी सुविधाओं के लाभ को बंद करने की नौबत आने की संभावना है,क्योंकि वित्तीय स्लैब के ऊपर दर्ज होंगे,इसलिए टैक्स के दायरे में आ जाएंगे, दूसरी ओर उनको सरकारी सुविधाएं व लाभ समाप्त होने की संभावना बनी रहेगी।चूँकि विश्व जनसंख्या दिवस 11 जुलाई 2025 बनाम भारतीय डिजिटल जनगणना 2027, डिजिटल तकनीकी क्रांति के रूप में उभरेगी,इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, भारत में 1 मार्च 2027 से शुरू होने वाली जनगणना,कई माइनों से अनोखी होगी–वार्षिक आय, जाति,मकान सहित अनेक व्यक्तिगत जानकारीयों से बहुत कुछ बदल जाने की संभावना हैं। साथियों बात अगर हम 7 जुलाई 2025 को सरकार द्वारा भारत के पहले डिजिटल जनगणना के ऐलान की करें तो,भारत में होने वाली अगली जनगणना को लेकर सरकार ने एक बड़ा ऐलान किया है। यह देश की पहली डिजिटल जनगणना होगी,जिसमें आम लोग खुद भी अपनी जानकारी ऑनलाइन दर्ज कर सकेंगे।

इसके लिए सरकार एक खास वेब पोर्टल लॉन्च करने जा रही है। इसके अलावा, मोबाइल ऐप के जरिए भी जनगणना का काम पूरा किया जाएगा। सरकार ने कहा है कि नागरिक चाहें तो खुद ही अपनी जनगणना की जानकारी वेब पोर्टल पर दर्ज कर सकते हैं। इसके लिए दो चरणों में जनगणना होगी। पहला चरण श्हाउस लिस्टिंग एंड हाउसिंग सेंससश यानी घर और मकान की जानकारी, और दूसरा चरण श्पॉपुलेशन एनुमरेशनश यानी जनसंख्या की गिनती। दोनों चरणों में लोग खुद अपनी जानकारी दर्ज कर सकेंगे।कब होगी अगली जनगणना?जनगणना 2026 और 2027 में दो चरणों में होगी। पहला चरण 1 अप्रैल 2026 से शुरू होगा, जिसमें मकानों की गिनती की जाएगी। दूसरा चरण 1 फरवरी 2027 से शुरू होगा, जिसमें लोगों की जनसंख्या, जाति और बाकी जरूरी जानकारियां जुटाई जाएंगी। इसके लिए 16 जून 2024 को सरकारी अधिसूचना जारी की गई है। यह आजादी के बाद भारत की 8वीं और कुल 16वीं जनगणना होगी। 34 लाख कर्मचारियों को दी जाएगी ट्रेनिंगइतने बड़े काम के लिए सरकार ने देशभर में करीब 34 लाख लोगों को नियुक्त किया है। इन कर्मचारियों को तीन स्तरों पर ट्रेनिंग दी जाएगी। पहले राष्ट्रीय ट्रेनर, फिर मास्टर ट्रेनर और आखिर में फील्ड ट्रेनर इन्हें तैयार करेंगे। हर गांव और शहर को छोटे–छोटे हिस्सों में बांटा जाएगा और हर हिस्से के लिए एक कर्मचारी जिम्मेदार होगा। इससे कोई भी घर या व्यक्ति गिनती से न छूटे।सीमाओं में बदलाव की आखिरी तारीख तय,सरकार ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को आदेश दिया है कि अगर वे अपने जिलों, तहसीलों या पुलिस थानों की सीमाओं में कोई बदलाव करना चाहते हैं, तो उसे 31 दिसंबर 2025 से पहले कर लें। उसके बाद वही सीमाएं जनगणना में अंतिम रूप से मानी जाएंगी। सीमाएं तय करने के तीन महीने बाद ही जनगणना शुरू की जा सकती है। इससे जनसंख्या गिनती में कोई गड़बड़ी नहीं होगी।

(1) विश्व जनसंख्या दिवस का उद्देश्य–हर साल 11 जुलाई को मनाया जाने वाला विश्व जनसंख्या दिवस संयुक्त राष्ट्र द्वारा 1989 में शुरू किया गया था। इसका उद्देश्य जनसंख्या से जुड़े मुद्दों जैसे–स्वास्थ्य, शिक्षा, लैंगिक समानता, गरीबी, और सतत विकास पर वैश्विक जागरूकता फैलाना है।भारत 2025 में पहली बार डिजिटल जनगणना की तैयारी कर रहा है, जिसमें लोग ऑनलाइन माध्यम से स्वयं अपने परिवार की जानकारी भर सकेंगे।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन करें इसका विशेषण करें तो हम पाएंगे कि विश्व जनसंख्या दिवस 11 जुलाई 2025 बनाम भारतीय डिजिटल जनगणना 2027– डिजिटल तकनीकी क्रांतिभारत में पहली बार डिजिटलजनगणना होगी– घर बैठे खुद भरे जनगणना का फॉर्म– पहली बार सेल्फ एंट्री की सुविधा– सरकार लॉन्च करेगी खास वेब पोर्टलभारत में 1 मार्च 2027 से शुरू होने वाली जनगणना कई माइनों से अनोखी होगी–वार्षिक आय,जाति,मकान सहित अनेक व्यक्तिगत जानकारीयों से बहुत कुछ बदल जाने की संभावना हैं।

लेखक – कर विशेषज्ञ स्तंभकार
एडवोकेट किशन सनमुखदास
भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र

15 July 2025_Copy of Layout 1 7/15/2025 1:54 PM Page 3



# मुख्यमंत्री ने दिलाई भ्रष्टाचार मुक्त उत्तराखंड की शपथ

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को बल्लीवाला, देहरादून में 'भ्रष्टाचार मुक्त उत्तराखंड' के लिए मुख्यमंत्री द्वारा किए जा रहे प्रयासों पर धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी को भ्रष्टाचार मुक्त उत्तराखंड की शपथ भी दिलाई।



कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता।

मुख्यमंत्री ने प्रदेश को भ्रष्टाचार से मुक्त बनाने की दिशा में उठाए गए कदमों के बारे में जानकारी दी और जनता के समर्थन को इस अभियान की सबसे बड़ी ताकत बताया। उन्होंने कहा कि यह अभिनंदन समारोह केवल एक सम्मान नहीं, बल्कि उत्तराखंड को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने के सपने को साकार करने का उत्सव है। यह सम्मान उत्तराखंड की सवा करोड़ जनता का है, जो ईमानदारी, पारदर्शिता और जवाबदेही के मूल्यों के साथ राज्य के विकास की दिशा में अग्रसर है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भ्रष्टाचार के विरुद्ध की जा रही कार्रवाई व्यक्तिगत विजय नहीं, बल्कि यह जनता के विश्वास, ईमानदारी की ताकत और युवाओं की उम्मीदों की जीत है। राज्य सरकार ने 'जीरो टॉलरेंस' की नीति के तहत पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए तकनीक का व्यापक उपयोग किया है, जिसमें ऑनलाइन ट्रांसफर प्रक्रिया, परीक्षा प्रणाली की निगरानी और जन शिकायत निवारण के लिए सीएम हेल्पलाइन 1905 और भ्रष्टाचार की शिकायतों के लिए 1064 जैसी व्यवस्थाएं शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि भर्ती परीक्षाओं में अनियमितता, ट्रांसफर–पोस्टिंग में भ्रष्टाचार और योजनाओं में कमीशनखोरी जैसे मामलों में कठोर कार्रवाई की गई। पिछले तीन वर्षों में भ्रष्टाचार में लिप्त 200 से अधिक लोगों को जेल भेजा गया है। पिछले चार वर्षों में राज्य में 24 हजार से अधिक लोगों को सरकारी नौकरी प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में समान नागरिक संहिता को लागू करने, सख्त नकल विरोधी कानून बनाने, लैंड जिहाद व लव जिहाद के विरुद्ध कार्रवाई तथा धर्मांतरण और दंगारोधी कानूनों के माध्यम से शासन व्यवस्था को मजबूती प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि इन कदमों ने यह प्रमाणित किया है कि यदि दृढ़ इच्छाशक्ति हो तो किसी भी चुनौती का सामना सफलतापूर्वक किया जा सकता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में छद्म वेशधारियों की मूल पहचान उजागर करने के लिए "ऑपरेशन कालनेमि" चलाया जा रहा है। अब तक 200 से अधिक संदिग्धों को पकड़ा गया है, जिनमें कुछ बांग्लादेशी घुसपैठिए भी शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने जनता से अपील की कि ऐसे तत्वों की जानकारी तुरंत पुलिस को दें। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के "ना खाऊँगा, ना खाने दूँगा" के मंत्र को अपनाते हुए राज्य सरकार पारदर्शी, जवाबदेह और जनहितकारी शासन व्यवस्था के निर्माण के लिए संकल्पबद्ध है। उन्होंने कहा कि प्रदेश को भ्रष्टाचार मुक्त, सांस्कृतिक रूप से समृद्ध और देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है।

## बच्चों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से देशभर में समुदायों को किया जागरूक

**देहरादून।** भारत के गाँवों, छोटे शहरों और महानगरों में समुदायों को जोड़ने के उद्देश्य से, एसओएस चिल्ड्रन्स विलेजेज इंडिया के बच्चोंकृ जो बाल पंचायतों का हिस्सा हैंकृने नुक्कड़ नाटकों के जरिए जागरूकता अभियान चलाया। इन नाटकों के माध्यम से बच्चों ने यह संदेश दिया कि बच्चों के सम्पूर्ण विकास में उनके माता–पिता और समुदाय की भूमिका कितनी महत्वपूर्ण होती है। यह पहल एसओएस इंडिया के फैमिली स्ट्रेंथनिंग प्रोग्राम का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य समुदायों तक पहुंच बनाना और बच्चों के समग्र विकास को बढ़ावा देना है।1990 के दशक से ही एफएसपी से जुड़े बच्चे अपने समुदायों में सामाजिक मुद्दों पर छोटे–छोटे नाटक प्रस्तुत करते आए हैं। 2010 से यह गतिविधि थ्ैच का अभिन्न अंग बन चुकी है। ये नाटक वयस्कों को बच्चों के लिए अधिक सहयोगात्मक और पोषणयुक्त वातावरण बनाने व उसका समर्थन करने के लिए प्रेरित करते हैं।

## 'चंडिका देवी जिलासू की देवरा यात्रा बन्याथ से पूर्व ही सिवाई सैरा में हुई सीरा (बबलू) की उत्पति'

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** पौराणिक समय से चलती आ रही दैवीय शक्ति प्रथा मां चंडिका दिवारा यात्रा बन्याथ से ठीक पहले सिवाई के सैरा में सीरा ( बबलू) की उत्पति हो जाती है। इसी वर्ष से प्रारम्भ 22 सितम्बर 2025 से मां चंडिका दिवारा यात्रा जिलासू बन्याथ को कुछ ही समय रह गया है। दिवारा यात्रा से पूर्व सिवाई सैरा ड्यूका तोक में चंदन सिंह कंडारी ग्रामदृसिवाई के खेत की मेंड़ में सीरा (बबलू) की उत्पति हुई है।

मां चंडिका बन्याथ के समय अंत में सीरा बबलू को प्रसाद के रूप में भक्तों में बांटा जाता है। सीरा बबलू की उत्पति होने से चण्डिका देवी के 27 बांदी के गांवों के भक्त जनों में खासा उत्साह का वातावरण बना हुआ है। मां चंडिका दिवारा यात्रा



समिति जिलासू के अध्यक्ष दिलवर सिंह चौहान, सचिव ईश्वर सिंह राणा, उपाध्यक्ष संदीप चौहान, कोषाध्यक्ष राजेंद्र सिंह रावत, सह सचिव दर्शन सिंह आदि ने सिवाई सैरा दियूका तोक में चन्दन सिंह कंडारी ग्राम निवासी सिवाई के खेत की मैंड में सीरा बबलू की उत्पत्ति को देख कर खुशी जताते हुए कहा कि बन्याथ यात्रा से पूर्व इसकी उत्पत्ति को शुभ संकेत माना जाता है।

## पंतनगर में कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने की चुनावी बैठक

**देहरादून/पंतनगर (नजरिया खबर ब्यूरो)।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने आज जनपद ऊधम सिंह नगर के पंतनगर में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ आगामी पंचायत चुनावों के मद्देनजर एक चुनावी बैठक की। इस बैठक में जिलाध्यक्ष पूर्व विधायक पूर्व जिलाध्यक्ष जिला महामंत्री अधिकृत भाजपा प्रत्याशी सहित कई लोग उपस्थित रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने आगामी पंचायत चुनावों को संगठन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कार्यकर्ताओं से कहा कि जनपद की सभी 35 जिला पंचायत सीटों पर भारतीय जनता पार्टी की जीत सुनिश्चित करनी है। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता बूथ स्तर तक जनसंपर्क मजबूत करें और सरकार की जनकल्याणकारी



बैठक को संबोधित करते मंत्री जोशी।

योजनाओं को घर–घर तक पहुंचाएं। मंत्री जोशी ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वामित्व योजना, किसान सम्मान निधि, उज्ज्वला योजना और मनरेगा ने ग्रामीण क्षेत्रों में आमजन को सीधे लाभ पहुंचाया है। इन योजनाओं की उपलब्धियों को जनता तक ले जाने का काम कार्यकर्ता करें। उन्होंने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता ही पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है और उन्हीं के परिश्रम से पंचायत चुनावों में ऐतिहासिक सफलता प्राप्त होगी। उन्होंने पदाधिकारियों को चुनाव प्रबंधन, प्रचार सामग्री, जनसंपर्क अभियान और रणनीतिक बूथ संयोजन पर विशेष ध्यान देने को कहा। इस अवसर पर रुद्रपुर जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, राज्य मंत्री मंजीत सिंह, मनोज पाल, प्रदेश महामंत्री युवा मोर्चा रवि पाल, पूर्व जिला महामंत्री युवा मोर्चा अभिषेक तिवारी सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# आयकर विभाग संभावित जिला पंचायत अध्यक्ष और ब्लॉक प्रमुखों पर भी कसे शिकंजाः मोर्चा

**विकासनगर (नजरिया खबर ब्यूरो)।** जन संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष एवं जीएमवीएन के पूर्व उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि हो रहे चुनाव के संभावित जिला पंचायत अध्यक्ष ब्लाक प्रमुख प्रत्याशियों, दावेदारों पर भी आयकर विभाग को निगरानी करनी चाहिए एवं शिकंजा कसना चाहिए, जो करोड़ों रुपए खर्च करके पद हासिल करने वाले हैं।

ऐसे में आयकर विभाग का काम है कि इन नेताओं पर शिकंजा कसे कि आखिर इन संभावित प्रत्याशियों के पास करोड़ों रूपया कहां से आ




पत्रकार वार्ता के दौरान मोर्चा पदाधिकारी।

रहा है। किस–किस को लूटकर यह काला धन कमाया गया है। आलम यह है कि एक जिला पंचायत अध्यक्ष 10 से 20 करोड रुपए खर्च कर अध्यक्ष बनता है तथा एक ब्लॉक प्रमुख लगभग पांच –सात करोड रुपए लगाकर प्रमुख बनता है द्यऐसे हालात में आयकर विभाग की जिम्मेदारी काफी बढ़ जाती है, अगर विभाग समझे तो इस प्रकार करोड़ों रुपए खर्च कर पद हासिल करने से लोकतंत्र के लिए बहुत बड़ा खतरा पैदा हो रहा है। आयकर विभाग सिर्फ व्यापारियों व उद्योगपतियों पर छापे मारना ही अपनी ड्यूटी समझता है, जबकि इन भ्रष्ट नेताओं पर शिकंजा कसने से डरता है। इस प्रकार प्रत्याशियों द्वारा करोड़ों रुपए खर्च करके पद हासिल करने के उपरांत विकास कार्यों में लूट–खसोट शुरू हो जाती है तथा कहीं–कहीं विकास कार्य का पैसा आहरित होने के उपरांत भी धरातल पर नहीं उतरते यानी पैसा डकार लिया जाता है द्य ऐसे में सरकार का दायित्व है कि इन तमाम निवर्तमान अध्यक्षों के कार्यकालों की भी जांच हो कि आखिर करोड़ों–अरबों रुपए की योजनाएं धरातल पर क्यों नहीं उतरी। अधिकांश नेता करोड़ों रुपया खर्च करके अध्यक्ष पद हासिल करने के उपरांत पैसा वसूली अभियान में लग जाते हैं, जिसके चलते करोड़ों रुपए की योजनाएं सिर्फ कागजों तक सीमित रह जाती हैं, जिसकी सरकार द्वारा जांच कराई जानी आवश्यक है।

15 July 2025_Copy of Layout 1 7/15/2025 1:54 PM Page 4



# जनता दरबार में डीएम ने सुनीं जनसमस्याएं, 140 शिकायतें हुई दर्ज

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** जिलाधिकारी सविन बंसल की अध्यक्षता में प्रत्येक सोमवार की भांति इस सोमवार को भी क्लेक्ट्रेट सभागार में जनता दरबार लगाकर जन समस्याएं सुनी गई। जनता दरबार में पहुंचे अधिकांश फरियादियों ने भूमि और घरेलू विवाद के मामले प्रमुखता से रखे।

इसके अतिरिक्त मुआवजा, आर्थिक सहायता, सड़क, पेयजल, एमडीडीए, नगर निगम, पुलिस, परिवहन, शिक्षा, रोजगार आदि से जुड़ी 140 समस्याएं जिलाधिकारी के समक्ष रखी। जिसमें से अधिकांश शिकायतों का जिलाधिकारी ने मौके पर निराकरण किया। रेसकोर्स निवासी विकास घिल्डियाल ने बताया कि उसकी माता पिता के तलाक होने के बाद भी उसके पिता लाइसेंसी बंदूक से उसे और उसकी माता को डराया धमकाया करते है, जिससे कभी भी अप्रिय घटना हो सकती है। सगे बेटे व पत्नी के लिए ही खतरे का सबब बना शस्त्र को डीएम ने विशेषाधिकार प्रयोग कर मौके पर ही लाइसेंस निलंबित करने



डीएम जनसमस्याएं सुनते हुए।


के निर्देश दिए। बंगील लाईब्रेरी रोड, मान सिंह वाला निवासी किरन गोयल ने जिलाधिकारी को फरियाद लगाई कि लोनिवि द्वारा बनाई गई सड़क पर जल निकासी की व्यवस्था न होने से वर्षा होने पर 2 से 3 फीट तक पानी भर जाता है और घरो में पानी घुसता है जिससे बीमारी फैलने का खतरा है। जिस पर डीएम ने अधीक्षण अभियंता लोनिवि को कल से ही कार्य शुरू कराते हुए एक सप्ताह के भीतर समस्या निराकरण क निर्देश दिए। तय समयावधि में समाधान न किये जाने पर डीएम ने प्रतिकूल प्रविष्टी की चेतावनी जारी की।

ग्राम तौली विकासनगर निवासी हुकुम सिंह का भूमि सीमांकन प्रकरण पूर्व दिए गए आदेशो के उपरान्त औपचारिकता करने की शिकायत पुनः डीएम के सम्मुख आने पर नाराजगी जाहिर करते हुए डीएम ने डीएफओ व एसडीओ कालसी को एक सप्ताह के भीतर प्रकरण निस्तारित करने के निर्देश दिए। माजरा सेवलकला निवासी 60 वर्षीय दिव्यांग टीकाराम शर्मा ने दिव्यांग पेंशन स्वीकृत करने की गुहार लगाई। दिव्यांग पेंशन न लगने का मामला सामने आने पर जिलाधिकारी ने समाज कल्याण अधिकारी से दिव्यांग पेंशन स्वीकृत न किए जाने का कारण तलब किया है।

कैंसर की बीमारी से जूझ रही किशन पुर निवासी रेनू सिंह ने अपने इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लगाई। बताया कि पति के छोड़ने के बाद वह अपने बेरोजगार बेटे के साथ अकेली रहती है। कैंसर की बीमारी से पीडित है। दिल्ली और देहरादून के अस्पताल इलाज कराने के बाद भी वो बीमारी से ठीक नही हो पा रही है। जिस पर जिलाधिकारी ने जिला कार्यालय के प्रभारी अधिकारी को रायफल क्लब के अंतर्गत आर्थिक सहायता हेतु तत्काल प्रस्ताव उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। वही जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को एचआईएसटी, एआईआईएमएस ऋषिकेश एवं अन्य किसी अच्छे अस्पताल से संपर्क करते हुए महिला के उपचार में सहायता करने के निर्देश दिए। पति की मृत्यु के बाद आर्थिक तंगी से जूझ रही साहनी ने आर्थिक सहायता की गुहार लगाई। बताया कि उसके तीन नाबालिग बच्चे है, घरों में बर्तन साफ करके किसी तरह बच्चों का भरण पोषण कर रही है। स्वास्थ्य खराब होने के कारण बच्चों की परवरिश में दिक्कत आ रही है। इस पर जिलाधिकारी ने ओसी क्लेक्ट्रेट को मामले की जांच कर रायफल क्लब में प्रस्ताव उपलब्ध कराने और महा प्रबंधक जिला उद्योग को महिला को स्वरोजगार से जोड़ने के निर्देश दिए। ऋषिकेश नेहरू ग्राम निवासी सुहानी ने कहा कि वो आगे पढ़ना चाहती है लेकिन परिवार की आर्थिक स्थिति के कारण उसको पढ़ाई छोडनी पड रही है। सुहानी ने आर्थिक सहायता की गुहार लगाई। जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को मामले की जांच कर तत्काल नंदा सुनंदा योजना के तहत आवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। वहीं विधवा कविता की विधवा पेंशन स्वीकृत करते हुए उनकी बिटिया की पढाई नंदा–सुनंदा से पुनर्जीवित की गई।

# आंचल फर्स्वाण बनी मिस पर्सनेलिटी, कैट वॉक में मॉडल्स ने बिखेरे जलवे

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** सिनमिट कम्युनिकेशंस की ओर से सोमवार को मिस पर्सनेलिटी और मिस कैटवॉक 2025 के सब कॉन्टेस्ट का आ योजन किया गया। इस दौरान प्रतिभागियों ने रैंप पर अपनी अदाओं के जलवे बिखेरे। इस दौरान आंचल फर्स्वाण को मिस पर्सनेलिटी का खिताब दिया गया।



सिनमिट कम्युनिकेशंस की ओर से सोमवार को दो सब कॉन्टेस्ट किए गए। इनमें से मिस पर्सनेलिटी का आयोजन राजपुर रोड स्थित एवलोन एविएशन एकेडमी में हुआ। इस मौके पर प्रतिभागियों ने अपनी पर्सनेलिटी और कॉन्फिडेंस के बारे में बताया। वहीं मिस कैटवॉक सब टाइटल का आयोजन राजपुर रोड स्थित रोमियो लेन में किया गया। जहां प्रतिभागियों ने अपनी वॉक से सबको आकर्षित किया। इस दौरान देहरादून सहित, हरिद्वार, ऋषिकेश, उत्तरकाशी, नैनीताल, रुद्रपुर, पिथौरागढ़, चमोली, बागेश्वर, खटीमा आदि जगहों की युवतियों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर सिनमिट कम्युनिकेशंस के डायरेक्टर दलीप सिंधी ने पहली बार मिस उत्तराखंड की विनर को फेमिना मिस इंडिया उत्तराखंड में डायरेक्ट एंट्री का मौका मिलेगा।

# सावन के पहले सोमवार को शिवालयों में उमड़े भक्त

**हरिद्वार (नजरिया खबर ब्यूरो)।** सावन के पहले सोमवार को प्रदेश भर के शिवालयों में श्रद्धालुओं का जल सैलाब उमड़ा पड़ा है। सुबह से ही लोग जलाभिषेक करते दिख रहे हैं। कुछ श्रद्धालु तो सावन की पहली सोमवार को जल चढ़ाने के लिए देर रात ही मंदिर पहुंच चुके थे।

पूरे मंदिर 'बोल बम' के नारे से गूंज रहे है। जो लोग मंदिर से बाहर आ रहे हैं या मंदिर पहुंच रहे हैं, सभी भगवान भोलेनाथ की भक्ति में मंत्रमुग्ध नजर आ रहे हैं। ऐसा लग रहा है मानो मंदिर में प्रवेश करते ही सारी थकान, तकलीफ खत्म हो गई हो। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए जलाभिषेक करने के लिए सारी व्यवस्थाएं पहले से ही दुरुस्त रखी गई। जो भी श्रद्धालु सोमवार को बाबा के ज्योतिर्लिंग पर जलाभिषेक के लिए




जलाभिषेक को उमड़े श्रद्धालू।

पहुंच रहे हैं, वह रूट लाइन के रास्ते से ही मंदिर तक पहुंच रहे हैं। पहली सोमवार की भीड़ को देखते हुए मंदिरों के पदाधिकारी मंदिर में सुबह–सुबह ही सारी तैयारी का जायजा लेने पहुंचे हुए थे। पहले सोमवार को लेकर बाबा केदारनाथ धाम के आज का दिन बहुत खास है। आज चतुर्थी तिथि पड़ी है। इस दिन शिव वास होता है और आज भगवान भोलेनाथ कैलाश पर विराजमान होते हैं। वहीं, मंदिर पहुंचने वाले श्रद्धालुओं ने कहा कि इस वर्ष सबसे ज्यादा भीड़ देखने को मिल रही है। सुबह में ही हजारों की संख्या में श्रद्धालु मंदिर परिसर में पहुंच गए थे। सुबह चार बजे से ही बाबा के श्रद्धालु जलाभिषेक करने के लिए पहुंचने लगे।

# बीसीसीआई देहरादून में बनाएगा अपना क्रिकेट स्टेडियम, दूधली गांव में बनने जा रहा स्टेडियम

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** बीसीसीआई उत्तराखंड में अपना क्रिकेट स्टेडियम बनाने जा रहा है। जिसको लेकर पिच क्यूरेटर के साथ उत्तराखंड क्रिकेट एसोसिएशन की टीम ने जमीन फाइनल कर दी है। देहरादून के दुधली गांव में क्रिकेट स्टेडियम के लिए भूमि का चयन किया गया है।

बताया जा रहा है कि अगले एक साल में यहां पर एक इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम बनकर तैयार हो जाएगा। खेलों के क्षेत्र में उत्तराखंड लगातार नए आयाम स्थापित करते जा रहा है। क्रिकेट के क्षेत्र में भी पिछले कुछ सालों में उत्तराखंड ने कई बड़े मुकाम हासिल किए हैं। बात चाहे उत्तराखंड की टीमों के लगातार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतरीन प्रदर्शन की हो, उत्तराखंड की क्रिकेटरों के सिलेक्शन की हो या फिर बीते साल उत्तराखंड में हुए भव्य उत्तराखंड प्रीमियर लीग की हो, हर कदम पर उत्तराखंड कमाल कर हा है।

इसी कड़ी में अब उत्तराखंड के देहरादून में बीसीसीआई अपना इंटरनेशनल स्टैंडर्ड का एक नया क्रिकेट स्टेडियम बनाने जा रहा है। जिसको लेकर इन दिनों तैयारियां तेज हैं। बीसीसीआई अगले एक साल में देहरादून में 30 हजार सीटिंग कैपेसिटी वाला स्टेडियम बनाकर तैयार करेगी।

उत्तराखंड क्रिकेट एसोसिएशन के सेक्रेटरी महिम वर्मा ने बताया हाल ही में बीसीसीआई के पिच क्यूरेटर आशीष भौमिक उत्तराखंड पहुंचे। उन्होंने देहरादून के दुधली गांव में उत्तराखंड क्रिकेट एसोसिएशन की चयनित की गई तकरीबन 50 बीघा जमीन का स्थलीय निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने यहां स्टेडियम बनाने की तमाम तैयारियां का जायजा लिया।

उन्होंने बताया बीसीसीआई और उत्तराखंड क्रिकेट एसोसिएशन मिलकर देहरादून के दुधली गांव में शहर का तीसरा इंटरनेशनल स्टैंडर्ड का क्रिकेट स्टेडियम बनाने जा रहा है। जिसके लिए 50 बीघा भूमि का चयन किया गया है।

देहरादून में इससे पहले अभिमन्यु क्रिकेट स्टेडियम और राजीव गांधी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम मौजूद है, लेकिन उत्तराखंड क्रिकेट एसोसिएशन अब खुद का एक क्रिकेट स्टेडियम बनाने जा रहा है। जिसकी सीटिंग कैपेसिटी 30000 के रहने वाली है। इस स्टेडियम को अगले एक साल के भीतर तैयार कर दिया जाएगा।

उत्तराखंड क्रिकेट एसोसिएशन के सेक्रेटरी महिम वर्मा ने कहा संगठन का अपना एक स्टेडियम होना बेहद जरूरी है। अगर ग्राउंड मिल जाता तो आज आईपीएल यहां हो सकते हैं। इंटरनेशनल मैच भी देहरादून में करवाये जा सकते हैं। उन्होंने कहा देहरादून में मौजूद उत्तराखंड खेल विभाग के पास एक अच्छा खासा क्रिकेट स्टेडियम है लेकिन उनकी भी कुछ तकनीकी समस्याएं हैं, जिसकी वजह से उसका उपयोग बीसीसीआई नहीं कर पा रही है।

15 July 2025_Copy of Layout 1 7/15/2025 1:54 PM Page 5



# लालकुआं में समाज सेवियों का आह्वान जन सरोकारों से जुड़ी हो पत्रकारिता

**लालकुआं (नजरिया खबर ब्यूरो)।** पत्रकारिता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए वक्ताओं ने कहा कि सरोकारों से जुड़ी हुई पत्रकारिता ही वास्तव में समाज को नई दिशा व दशा दे सकती है। उन्होंने कहा कि विषम परिस्थितियों में भी पत्रकारों ने अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए अपनी जिम्मेदारियों का बखूबी पालन किया है।

क्षेत्र के गणमान्य लोग यहां यहां पत्रकारों द्वारा आयोजित एक संगोष्ठी के अवसर पर अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता का बेहद गौरवशाली अतीत है, और उस गौरवशाली अतीत की परंपरा को निभाते हुए पत्रकार आज ही अपने कर्तव्यों का पूरी ईमानदारी के साथ पालन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब पत्रकारिता का स्वरूप सिर्फ और सिर्फ जन सरोकार होगा तो निश्चित रूप से इसका पूरे समाज को लाभ मिलेगा। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक डॉ मोहन बिष्ट, नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह लोटनी, अष्टादशभुजा महालक्ष्मी मंदिर के महामंडलेश्वर स्वामी सोमेश्वर यति जी महाराज, पूर्व विधायक नवीन दुम्का, मानव उत्थान सेवा समिति के महात्मा आलोकानंद महाराज, साध्वी मर्यादा बाई, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष रामबाबू मिश्रा, लालचंद सिंह, देवभूमि व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष हुकम सिंह कुंवर, कांग्रेसी नेता कुंदन मेहता, प्रेस क्लब अध्यक्ष बीसी भट्ट, मनीष गर्ग, शील अग्रवाल, उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ राजेंद्र क्वीरा, लक्ष्मण सिंह खाती, त्रिभुवन उप्रेती, स्वामी नाथ पंडित, जसवीर उत्तराखंडी, योगेश उपाध्याय, दीपक बत्रा, महिला नेत्री बीना जोशी, गीता भट्ट, तारा पांडे, और भावना मेलकानी ने भी विचार व्यक्त किए। इस मौके पर समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित भी किया गया।



संगोष्ठी के दौरान कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ करते अतिथि।




लालकुआं रेलवे स्टेशन तिराहे पर स्थित उक्त दुकान।

# लालकुआं में जनरल स्टोर का ताला तोड़कर चोर ने चुराया हजारों का सामान एवं नगदी

**लालकुआं।** यहां स्टेशन तिराहे पर स्थित कमल जनरल स्टोर का ताला तोड़कर रात्रि में अज्ञात चोर हजारों रुपए का सामान एवं नगदी लेकर फरार हो गया, पुलिस ने मामले में छानबीन शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार यहां रेलवे स्टेशन तिराहे पर स्थित कमल जनरल स्टोर में बीती रात लगभग 2रू30 बजे अज्ञात चोर दुकान के शटर का ताला तोड़कर दुकान के भीतर रखी हजारों रुपए की कीमती सिगरेट व अन्य सामान तथा लगभग 7000 की नगदी लेकर फरार हो गया। दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरा में भी चोर समान एवं नगदी चोरी करता साफ दिखाई दे रहा है, प्रातः सूचना पर पुलिस ने क्षेत्र के सीसीटीवी कैमरा की जांच करते हुए चोर की तलाश शुरू कर दी है।

दुकान स्वामी कमल पांडे ने बताया कि लगभग 15000 से अधिक का सामान एवं नगदी चोरी चली गई है। वहीं कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक दिनेश फर्त्याल ने कहा कि जल्द ही घटना का खुलासा करते हुए चोर को गिरफ्तार कर दिया जाएगा।

# कर्णप्रयाग ज्वैलरी शॉप चोरी फरार चल रहे दो और अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** महादेव ज्वैलर्स कर्णप्रयाग में हुई चोरी की घटना में फरार चल रहे दो अभियुक्तों को चमोली पुलिस ने आज गिरफ्तार कर लिया है। जिससे इस अंतरराज्यीय गिरोह के सभी 6 सदस्य अब पुलिस की गिरफ्त में आ चुके हैं।

दिनांक 12 जून 2025 को कर्णप्रयाग के महादेव ज्वैलर्स से लगभग ₹1.25 लाख के गहनों की चोरी हुई थी इस मामले में पहले ही 4 अभियुक्त (02 महिला व 02 पुरुष) को कोटद्वार से गिरफ्तार किया जा चुका था। फरार चल रहे अभियुक्तों की तलाश में पुलिस लगातार निगरानी और दबिश दे रही थी। आज दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार किये गये अभियुक्तों में संजीव कुमार उर्फ सोनू पुत्र गोवर्धन



सिंह निवासीरू ग्राम बाजावाला, थाना काशीपुर, जनपद ऊधमसिंहनगर उम्र 32 वर्ष हाल पता मुरादाबाद (उ.प्र.), सुनीता पत्नी राजकुमार निवासी अब्दुल्ला वाड़ा, दक्षिणी बिलारी, थाना बिलारी, जनपद मुरादाबाद (उ.प्र.) उम्ररू लगभग 40 वर्ष है। पुलिस अधीक्षक चमोली सर्वेश पंवार के निर्देशन में चल रही सतत निगरानी, इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस और स्थानीय मुखबिर तंत्र के सहयोग से यह सफलता प्राप्त हुई है। दोनों अभियुक्तों को आज न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा है।

# मांग को लेकर हल्दूचौड़ में ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**लालकुआं (नजरिया खबर ब्यूरो)।** रुद्रपुर–काठगोदाम हाईवे पर हल्दूचौड़ में रविवार रात हुए दर्दनाक हादसे में व्यवसाई की मौत के बाद ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। सोमवार को दर्जनों ग्रामीणों ने हल्दुचौड़ बाजार के सामने हाईवे पर बने कट के पास हंगामा किया और कट को बंद करने की मांग की।

इस दौरान ग्रामीणों का कहना था कि लालकुआं वीआईपी गेट से गोरापड़ाव तक बने बेतरतीब कट बने है। एनएचएआई ने गांवों को जाने लिए वाली सड़क को भी नहीं बनाया है, साथ ही कटो के पास सर्विस लाइन नहीं है। इसके अलावा बेरीपड़ाव से लालकुआं तक स्ट्रीट लाइट्स न होने से हादसे हो रहे हैं। प्रदर्शन की सूचना पर राजस्व विभाग की टीम और परिवहन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। जिन्होंने समस्याओं को उच्च अधिकारियों तक पहुंचाने का आश्वासन दिया।



हल्दूचौड़ में बने बेतरतीब कट को लेकर अधिकारियों के समक्ष नाराजगी जाहिर करते ग्रामीण।


लंबे हंगामे के बाद एनएचएआई की प्रोजेक्ट मैनेजर मीनू मौके पर पहुंचीं। उन्होंने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि उनकी मांगों पर जल्द कार्रवाई होगी। जिसके बाद ग्रामीणों जल्द समस्या का समाधान ना होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी देकर अपना प्रदर्शन समाप्त कर दिया।

इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता हरेंद्र बोरा, व्यापार मंडल के महामंत्री संतोष भट्ट, हरमोहन बिष्ट, नवीन बमेटा, सुरेश जोशी, मोहन भट्ट, त्रिलोक सिंह मंटू, जगदीश खोलिया, सुरेश शर्मा समेत कई व्यापारी और ग्रामीण मौजूद थे।

# गौचर के लोकेश नेगी का भारतीय स्टेट बैंक मुंबई जोन आईटी इंजीनियरिंग साफ्टवेयर ग्रेड - 2 में चयन होने पर जनप्रतिनिधियों ने जताई खुशी, और दी बधाई एवं शुभकामनाएं

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** नगरपालिका क्षेत्र गौचर के लोकेश नेगी का भारतीय स्टेट बैंक मुंबई जोन आईटी इंजीनियरिंग साफ्टवेयर ग्रेड – 2 में चयन होने पर नगरपालिका क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ताओ व जनप्रतिनिधियों ने बालक के प्रति शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना व्यक्त की है।

गो सेवा आयोग उत्तराखंड के प्रदेश सदस्य तथा पूर्व जिला नियोजन समिति सदस्य, भाजपा नेता अनिल नेगी के पुत्र लोकेश नेगी ने अपनी



बुआ के साथ रहकर देहरादून स्थित संत कबीर इंटर कॉलेज से इंटरमीडिएट की पढ़ाई पूरी कर पन्त नगर से बीटेक किया। लोकेश का भारतीय स्टेट बैंक मुंबई जोन आईटी इंजीनियरिंग साफ्टवेयर ग्रेड – 2 में चयन होने पर स्थानीय लोगों ने अनिल नेगी के परिवार को बालक की इस उपलब्धि पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई है। लोकेश के पिता अनिल नेगी ने बताया कि उनके पुत्र ने अपनी बुआ के सानिध्य में रहकर अपनी इंटरमीडिएट तक की पढ़ाई देहरादून में ही की तथा बीटेक पन्त नगर से किया। वहीं से उसका चयन भारतीय स्टेट बैंक मुंबई जोन आईटी इंजीनियरिंग साफ्टवेयर ग्रेड – 2 में हुआ है। उन्होंने बालक की इस उपलब्धि पर बधाई एवं शुभकामनाएं देने वालों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

बालक लोकेश नेगी के चयन होने पर व्यापार संघ अध्यक्ष राकेश लिंगवाल, नगरपालिका अध्यक्ष संदीप नेगी, डा. कैलाश शैली, विपुल रावत, दीपक बिष्ट, दिनेश बिष्ट, सुनील कुमार, राजेश खत्री, सुनील पंवार, इन्दु पंवार, पवित्रा बिष्ट, बीना बिष्ट, गो सेवक वीरेंद्र विष्ट, सुभाष बहुगुणा, बीपी बमोला, एलपी लखेड़ा, केएस असवाल, दिग्पाल गुसाईं, देवेन्द्र गुसाईं, अरूण मिश्रा, प्रदीप चौहान, प्रदीप लखेड़ा, विजय प्रसाद डिमरी, हरीश रावत, कमल कान्त कांडपाल, नवीन टाकुली, विकेन्द्र खत्री, डॉ. अजीत लखेड़ा, मुकेश लखेड़ा, चौतन्य बिष्ट, रविन्द्र रावत, देवेन्द्र नेगी, अनिल कंडारी, प्रदीप रावत, चंडी प्रसाद मैखुरी, मदन मैखुरी, नरेन्द्र सिंह, विजय थपलियाल, सरिता भंडारी, दीपा रौथाण, आशा देवी, दीपा नेगी, बीना बिष्ट आदि ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई है।

# इन्फ्लुएंसर की हरकतों से बीकेटीसी परेशान, स्पेशल पूजा करने के नाम पर भी की जा रही ठगी

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** उत्तराखंड के लिए चारधाम यात्रा न केवल एक धार्मिक यात्रा है। बल्कि, पूरे प्रदेश के लिए एक खुशी उत्साह और नई उम्मीदों का भी की भी शुरुआत होती है। क्योंकि, चारधाम यात्रा उत्तराखंड की आर्थिकी में एक बड़ा अहम रोल अदा करती है। हर साल लाखों की संख्या में तीर्थ यात्री इन चारों धामों में पहुंचते हैं, लेकिन पिछले कुछ सालों से देखा जा रहा है कि केवल तीर्थ यात्री ही नहीं, बल्कि सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर भी अपने व्यूज पाने के लिए चारों धामों में पहुंच रहे हैं, जिनकी आस्था से इतर एक पहलू उनके सोशल मीडिया पर व्यूज का लालच आसानी से देखा जा सकता है।

हर साल उत्तराखंड के चारों धामों से विशेष तौर से केदारनाथ धाम को हर सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर अपनी टीआरपी के लिए इस्तेमाल करता नजर आता है। यही वजह है कि




बीकेटीसी कार्यालय।

जिस दरमियां चारधाम यात्रा शुरू होती है तो केदारनाथ कीवर्ड सबसे ज्यादा ट्रेंड करता है तो वहीं हर साल कई सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर का पेट केदारनाथ और बदरीनाथ धाम से पलते हैं। क्योंकि, इन सोशल मीडिया अकाउंट पर केवल और केवल केदारनाथ एवं बदरीनाथ से संबंधित कंटेंट रहता है, लेकिन अफसोस की बात ये है कि यही सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर जिस केदारनाथ व बदरीनाथ धाम की टीआरपी की बदौलत व्यूज पा रहे हैं, वहीं इन धामों को भी अक्सर बदनाम करने का काम करते हैं। सोशल मीडिया पर केदारनाथ–बदरीनाथ धाम को बदनाम करने वाले सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर से केवल सनातन की बदनामी होती है। बल्कि, बदरी केदार मंदिर समिति के रेवेन्यू पर भी प्रतिकूल असर पड़ता है। जिसके चलते अब आप बदरी केदार मंदिर समिति सख्त कदम उठाने जा रही है।

बदरी केदार मंदिर समिति के पदाधिकारियों की मानें तो चारधाम में खासतौर से केदारनाथ धाम में आने वाले यूट्यूब, ब्लॉगर और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर की संख्या पिछले कुछ सालों में बहुत तेजी से बढ़ी है। कपाट खुलने के दौरान इस साल एक तस्वीर ने लोगों को सोचने पर मजबूर किया, जब कपाट खोलने समय केवल एक परसेंट लोग हाथ जोड़कर खड़े दिखे। जबकि, 99 फीसदी लोग केवल इस मोमेंट को अपने सोशल मीडिया के जरिए टीआरपी के लिए बेच रहे थे।

इतना ही नहीं बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के उपाध्यक्ष ऋषि प्रसाद सती ने बताया कि आज सोशल मीडिया पर ऐसे भी लोगों की भरमार है, जो कि केदारनाथ धाम और बदीनाथ धाम में ऑनलाइन पूजा की सुविधा उपलब्ध कराने का दावा करते हैं। उन्होंने कहा कि यह पूरी तरह से भ्रामक सूचना है, यह तीर्थ यात्रियों और श्रद्धालुओं की आस्था के साथ खिलवाड़ है। केदारनाथ और बदरीनाथ धाम हमारे पौराणिक महत्व के धाम हैं। यहां पर हमारे तमाम सनातनी धार्मिक अनुष्ठान संस्कार होते हैं, जो कि ऑनलाइन इन फर्जी माध्यमों से संभव नहीं है।

## उत्तराखण्ड के हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस की कार का एक्सीडेंट

**नैनीताल।** उत्तराखण्ड के मुख्य न्यायाधीश जी.नरेंद्र का दिल्ली से नैनीताल लौटते समय मुरादाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर कार एक्सीडेंट हो गया। एन.एच.में मोरादाबाद के रामगंगा पुल पर आगे चल रही स्कॉड की गाड़ी के इमरजेंसी ब्रेक मारने से चीफ की टोयोटा कैमरी कार अनियंत्रित होकर उसके पीछे से जा भिड़ी। बरसात के मौसम में चीफ की कैमरी के पीछे कारवां में चल रही सुरक्षा जवानों से भरी गाड़ी भी अनियंत्रित होकर मुख्य न्यायाधीश की गाड़ी में पीछे से जा घुसी। मुख्य न्यायाधीश को इस दुर्घटना में हल्के झटके लगे हैं। छुट्टियों से लौट रहे मुख्य न्यायाधीश की गाड़ी बुरी तरह से श्रतिग्रस्त होने के कारण उन्हें लेने के लिए नैनीताल हाईकोर्ट से अतिरिक्त वाहन गया।

श्रतिग्रस्त कैमरी को मोरादाबाद में ही रिपैयर के लिए छोड़ दिया गया है। हादसे में सुरक्षा कर्मियों को हल्की फुल्की चोटें आई हैं। घायल दरोगा को मोरादाबाद के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## थराली के कुलसारी सुनाऊ झूला पुल से युवक ने पिंडर नदी में लगाई छलांग

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** थराली में कुलसारी के सुनाऊ झूला पुल के ऊपर से एक युवक ने सोमबार दोपहर को पिंडर नदी में छलांग लगा दी। इससे यहां पुल के ऊपर से गुजर रहे लोगों में अफरा तफरी मच गई।

सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची थाना थराली की रेस्क्यू टीम ने नदी में सर्च अभियान शुरू कर दिया है, थाना अध्यक्ष थराली पंकज कुमार ने जानकारी देते हुए बताया सोमबार दोपहर करीब दो बजे 34 वर्षीय प्रेम सिंह खत्री पुत्र स्व जसपाल सिंह खत्री ग्राम देवलग्वाड़ ने सुनाऊ झूला पुल से पिंडर नदीं में छलांग लगा दी। स्थानीय लोगों ने ओर पुलिस प्रशासन ने युवक को नदी मैं ढूंढने का बहुत प्रयास किया लेकिन उसका कोई पता नहीं चल पा रहा



है। बताया जा रहा है कि युवक का मानसिक संतुलन कुछ ठीक नहीं है। जिस कारण उसने यह कदम उठाया। युवक के छलांग लगाने पर झूला पुल के नजदीक कुछ देर के लिए लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई और उसे बचाने के लोग नदी की तरफ दौड़ पड़े, लेकिन वह नदी के तेज बहाव में बह गया। समाचार लिखे जाने तक एनडीआरएफ की टीम नहीं पहुंच पाई। ग्रामीण और प्रशासन के लोग सर्च अभियान कर ढूंढ खोज कर रहे हैं।

## दो सप्ताह से खराब चल रही ग्वालदम में एटीएम मशीन

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** पर्यटन नगरी ग्वालदम में भारतीय स्टेट बैंक की एटीएम मशीन खराब होने से उपभोक्ताओं को परेशानी उठानी पड़ रही है। त्यौहार के सीजन चलते बैंक में दिनभर उपभोक्ताओं की कतारें लगी रहती है।

बैंक बंद होने के बाद रुपए निकालने के लिए लोगों को अगले दिन बैंक खुलने का इंतजार करना पड़ता है। पिछले दो सप्ताह से एटीएम मशीन बंद पड़ी है। जिसके चलते व्यापार संघ अध्यक्ष अनिल नेगी ने शाखा प्रबंधक अशोक कुमार को ज्ञापन सौंप कर तत्काल मशीन ठीक करने की मांग की है। मुख्य बाजार में स्थित एसबीआई शाखा में क्षेत्र के साथ ही 15 गांवो के उपभोक्ता लेन–देन करने आते हैं। बैंक में हररोज बड़ी संख्या में उपभोक्ता उमड़ते हैं। लंबी–लंबी कतार



लगने से उनका बैंक संबंधी कार्य पूरा नहीं हो पाता है। त्यौहारी सीजन के चलते रुपए निकालने में उपभोक्ताओं को दिक्कतें हो रही है। पिछले 15 दिनों से बैंक की एटीएम मशीन के साथ स्वेप मशीन खराब चल रही है। उपभोक्ताओं को बैंक में जाकर ही रुपए उठाने पड़ते हैं। मशीन दुरस्त करवाने में बैंक प्रशासन कोई ध्यान नहीं दे रहा है। शिकायत को लेकर जब उपभोक्ता बैंक शाखा प्रबंधक के पास पहुंचते हैं तो उन्हें संतुष्ट जवाब नहीं मिलता है। ज्ञापन मे व्यापार संघ अध्यक्ष अनिल नेगी,पूर्व जेष्ट प्रमुख महावीर शाह, प्रदीप शाह, हरीश फर्शवाण, मोहन सिंह परिहार, नरेंद्र सिंह गडिया, पंकज परिहार,गुलाब सिंह रावत आदि के हस्ताक्षर हैं।

## जंगल में पेड़ से लटका हुआ मिला लापता मनोज का शव, मांग को लेकर सड़कों पर उतरे लोग

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** पिछले 2 हफ्ते से लापता मनोज का शव मिलने से नंदानगर क्षेत्र के लोगों ने जिला अस्पताल गोपेश्वर पहुंचकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। बता दें कल नंदानगर निवासी मनोज का शव पेड़ से लटका हुआ मिला था। परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए न्याय की मांग की है। इस दौरान ग्रमीणों ने पुलिस प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जोरदार प्रदर्शन किया।

विगत दिन घांघरिया के पास जंगल में पेड़ से लटका हुआ लापता मनोज का शव मिलने के बाद



परिजनों ने हत्या की आशंका जताई। आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर आज जिला मुख्यालय गोपेश्वर में लोगों ने पुलिस के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया।

बता दें कि बीते दिन हेमकुंड साहिब के बेस कैंप घांघरिया से लापता मनोज बिष्ट निवासी बांजबगड नंदानगर का शव 2 हफ्ते बाद घांघरिया के पास जंगल में एक पेड़ से रस्सी के सहारे लटका मिला। पुलिस हत्या व आत्महत्या दोनों एंगल से मामले की जांच कर रही है। नंदानगर क्षेत्र के साथ अन्य लोग जिला चिकित्सालय गोपेश्वर पहुंचे जंहा मृतक मनोज के मौत के मामले में जांच के साथ आरोपितों की सजा की मांग करते हुए उग्र आंदोलन किया जा रहा है। लोगों ने मनोज की हत्या का आरोप लगाते हुए शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है।

# सहकारिता को जमीनी स्तर पर काम करे अधिकारीः डॉ धन सिंह रावत, विभागीय मंत्री ने की देहरादून जनपद की समीक्षा

देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)। सूबे के सहकारिता मंत्री डॉ धनसिंह रावत ने आज सहकारिता विभागीय की जनपद स्तरीय बैठक ली। जिसमें उन्होंने देहरादून जनपद की समीक्षा कर विभागीय अधिकारियों को 100 दिन की कार्ययोजना पर काम करने के निर्देश दिये। देहरादून के विकास भवन सभागार में सहकारी समितियों एवं बैंकों की संयुक्त समीक्षा बैठक में उन्होंने विभाग की लचर कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताई।



मंत्री धन सिंह रावत बैठक लेते हुए।

उन्होंने अधिकारियों को गुजरात सहकारिता मॉडल का अध्ययन करने और देहरादून में भी उसी तर्ज पर नवाचारों को लागू करने निर्देश दिये और माह दिसंबर तक सभी सहकारी समितियों और जिला सहकारी बैंक में सुधार लाने का लक्ष्य दिया। प्रमुख निर्देश एवं निर्णय–मोबाइल यूपीआई बैंकिंगरू इस वर्ष से शुरू की जा सके जिसको लेकर सभी तैयारियां शीघ्र पूर्ण की जाएं खाता खोलो अभियानरू शाखा प्रबंधक गांव–गांव जाकर किसानों के साथ संपर्क स्थापित कर नए खाते खोलें।सहकारिता चौपालरू 100 दिवसीय जागरूकता अभियान चलाकर ग्रामीणों को सहकारिता से जोड़ा जाए।

महिला समूहों को जोड़ेंरू स्वयं सहायता समूहों को खाता खोलने और लघु ऋण लेने हेतु प्रेरित करें। समितियों को गोद लेंरू प्रत्येक अपर जिला सहकारी अधिकारी जिला विकास अधिकारी घाटे में चल रही एक समिति गोद लें एवं उसका व्यवसायिक विकास सुनिश्चित करें। तकनीकी प्रशिक्षण– जनपद के सभी 27 शाखा प्रबंधकों को नवाचार व तकनीकी ज्ञान हेतु दो चरणों में प्रशिक्षण दिया जाए। समितियों का पुनरुद्धार–घाटे में चल रही समितियों के लिए नया बिजनेस प्लान तैयार कर उन्हें लाभ में लाया जाए।

डिफॉल्टर समितियां–डिफॉल्टर समितियों को लिक्विडेशन की प्रक्रिया में लाकर कार्रवाई की जाए। लघु ऋण सुविधा रेहड़ी–पटरी वालों, छोटे व्यवसायियों को दैनिकध्साप्ताहिकध्मासिक आधार पर आसान ऋण उपलब्ध कराए जाएं। नियमित समीक्षारू प्रत्येक 15 दिन में समीक्षा बैठक हो एवं मंत्री स्वयं प्रतिमाह प्रगति की समीक्षा करें। विभागीय मंत्री ने स्पष्ट किया कि सहकारिता को यदि जन आंदोलन बनाना है तो जमीनी स्तर पर कार्य करते हुए किसानों, महिलाओं और युवाओं को इससे जोड़ा जाए। सभी विभागीय अधिकारी समयबद्ध ढंग से कार्य करें, ताकि देहरादून सहकारिता क्षेत्र में राज्य का मॉडल जनपद बन सके। बैठक में अभिनव शाह, मुख्य विकास अधिकारी, नवीन कुमार, सहायक महाप्रबंधक, नाबार्ड, सी. के. कमल, महाप्रबंधक, जिला सहकारी बैंक, बी. एम. मनराल, सहायक निबंधक, देहरादून सहित जनपद की सभी 27 शाखाओं के प्रबंधक, अपर जिला सहकारी अधिकारी एवं सहायक विकास अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## यूपीसीएल का कुमाऊँ क्षेत्र में 6 लाख स्मार्ट मीटर लगाने का लक्ष्य

हल्द्वानी। कुमाऊँ क्षेत्र के रुद्रपुर और हल्द्वानी जोन में 6 लाख स्मार्ट मीटर लगाने का लक्ष्य उत्तराखंड पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (यूपीसीएल) ने रखा है, जिसके सापेक्ष अभी तक एक लाख से अधिक स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। उपभोक्ताओं के मन में अधिक बिल आने की भ्रांतिया व्याप्त हैं, जिसे जागरूकता के माध्यम से दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। यूपीसीएल ने उपभोक्ताओं के पुराने मीटरों की जगह नए स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

इस कदम का उद्देश्य उपभोक्ताओं को अधिक पारदर्शी और सुविधाजनक बिलिंग सेवा प्रदान करना है। प्रीपेड मीटर से उपभोक्ता पहले से ही बिजली की खपत के अनुसार रिचार्ज कर सकेंगे और बिलिंग की असुविधाओं से मुक्ति मिलेगी। यूपीसीएल के अनुसार लगभग 15 लाख 87 हजार बिजली उपभोक्ताओं को यह सुविधा प्रदान की जाएगी।

## बीमा जागरूकता समिति ने लाइफ इंश्योरेंस के अगले चरण की शुरुआत की

देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)। एनआईए अध्ययन (प) के अनुसार, भारत एक उल्लेखनीय जीवन बीमा सुरक्षा की कमी से जूझ रहा है। इस कमी का अंतर 2019 में 83: से बढ़कर 2023 में 87 प्रतिशतत हो गया है। 18 से 35 वर्ष की उम्र के लोगों में 90 प्रतिशत से ज्यादा की यह कमी और भी ज्यादा साफ तौर पर दिखाई देती है। यह बढ़ती असुरक्षा परिवारों की वित्तीय सुरक्षा (फाइनैंशियल सेक्योरिटी) और उम्मीदों के लिए एक गंभीर खतरा है। इसकी व्यापकता से जुड़ी चुनौती से निपटने के लिए ही भारत में सभी जीवन बीमा कंपनियों का प्रतिनिधित्व करने वाली बीमा जागरूकता समिति (इंश्योरेंस अवेयरनेस कमिटी) ने अपने राष्ट्रीय अभियान ष्सबसे पहले लाइफ इंश्योरेंस के अगले चरण की शुरुआत की है। यह पहल हर भारतीय को एक नए उत्साह के साथ लाइफ इंश्योरेंस को अपनी वित्तीय यात्रा की बुनियाद मजबूत बनाने, बढ़ती जागरूकता को सार्थक कार्रवाई में बदलने के लिए प्रेरित करती रहेगी। अपने मूल में, यह अभियान बुनियादी वित्तीय सुरक्षा की उपेक्षा करते हुए बचत और निवेश को प्राथमिकता देने की आम आदत को चुनौती देता है। यह इस पर जोर देता है कि लाइफ इंश्योरेंस (जीवन बीमा) किसी भी सुरक्षित वित्तीय योजना की शुरुआत होनी चाहिए। भरोसेमंद कहानी सुनाने और भावनात्मक रूप से दिल–दिमाग में बैठने वाले आख्यानों के जरिए, यह अभियान रोजमर्रा के उन पलों में जान फूँक देता है जो सही मायनों में दाँव पर लगे हैं।

## रुद्रपुर में केंद्रीय मंत्री अमित शाह के दौरे की तैयारी तेज

रुद्रपुर (नजरिया खबर ब्यूरो)। जनपद ऊधम सिंह नगर के प्रभारी मंत्री एवं प्रदेश के कृषि एवं ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने आज रुद्रपुर स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में आगामी 19 जुलाई को केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के प्रस्तावित दौरे की तैयारियों को लेकर उच्च अधिकारियों एवं जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक की।



केंद्रीय मंत्री अमित शाह के दौरे को लेकर बैठक लेते मंत्री गणेश जोशी।

मंत्री जोशी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि रुद्रपुर में आयोजित होने जा रही ध1 लाख करोड़ की ग्राउंडिंग सेरेमनी को पूर्ण भव्यता और प्रभावशाली स्वरूप में संपन्न किया जाए। उन्होंने कहा कि यह आयोजन उत्तराखंड की औद्योगिक प्रगति को नई दिशा देगा और देशभर में राज्य की पहचान को सुदृढ़ करेगा। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि गृह मंत्री अमित शाह के इस दौरे को सफल बनाने में कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मंत्री जोशी ने कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा, यातायात प्रबंधन, स्वच्छता, पेयजल, पार्किंग और मीडिया समन्वय सहित सभी व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की और संबंधित विभागों को समयबद्ध कार्यों के निर्देश दिए। मंत्री जोशी ने कहा कि यह कार्यक्रम न केवल उत्तराखंड बल्कि जनपद ऊधम सिंह नगर के लिए भी अत्यंत गौरवपूर्ण अवसर है। अधिकारीगण समर्पण और समन्वय के साथ कार्य करें ताकि आयोजन निर्विघ्न और भव्य रूप से संपन्न हो।

## राष्ट्रीय मंच पर चमके उद्योगपति डॉ. अमित डी. ओझा, 'राष्ट्रीय गौरव अवार्ड' से हुए सम्मानित

देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)। उद्योग और नवाचार के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बनाने वाले सुप्रसिद्ध उद्योगपति डॉ. अमित डी. ओझा को उनके दो अग्रणी व्यावसायिक उपक्रमों मां की रसोई रेस्टोरेंट और रंगत पेंट्स द की सराहनीय उपलब्धियों के लिए भारत सरकार के नीति आयोग द्वारा 'राष्ट्रीय गौरव अवार्ड' से नवाजा गया।


उद्योगपति डॉ. अमित डी. ओझा को सम्मानित करते हुए।

यह भव्य सम्मान समारोह देश की राजधानी नई दिल्ली के संविधान क्लब में आयोजित किया गया, जहां भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश के. जी. बालकृष्णन ने डॉ. ओझा को यह सम्मान प्रदान किया। इस गरिमामय अवसर पर कई केंद्रीय मंत्री, राज्य मंत्री, नीति आयोग के अधिकारीगण और देशभर से आए गणमान्य उद्योगपति व समाजसेवी भी मौजूद रहे। डॉ. ओझा द्वारा शुरू किया गया 'मां की रसोई' आज केवल एक रेस्टोरेंट नहीं, बल्कि भावनाओं से जुड़ा एक आंदोलन बन चुका है। पारंपरिक भारतीय व्यंजनों के साथ–साथ यह रेस्टोरेंट सामाजिक सहभागिता का भी प्रतीक है, जहां स्वाद के साथ संवेदनाएं भी परोसी जाती हैं।

वहीं, 'रंगत पेंट्स' ने अपने उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों, पर्यावरण के प्रति जागरूकता और उपभोक्ता संतुष्टि के सिद्धांतों के कारण बाजार में विशेष स्थान बनाया है। इस ब्रांड ने पेंट उद्योग में एक नई पहचान स्थापित की है और रोजगार के अवसरों को भी बढ़ावा दिया है। यह सम्मान मेरी पूरी टीम, मेरे परिवार और उन सभी सपनों का है जिन्हें मैंने वर्षों से संजोया है। मां की प्रेरणा से शुरू हुई मेरी यह यात्रा आज एक राष्ट्रीय स्तर की पहचान बन गई है। मैं भारत सरकार, नीति आयोग और इस पुरस्कार समिति का दिल से आभार प्रकट करता हूं। यह मेरे लिए गर्व और प्रेरणा दोनों का क्षण है। डॉ. ओझा का जीवन यह दर्शाता है कि यदि कार्य में समर्पण हो, सोच में सामाजिकता हो और कदमों में आत्मविश्वास हो, तो सफलता दूर नहीं होती।

15 July 2025_Copy of Layout 1 7/15/2025 1:54 PM Page 8



# दून उद्योग व्यापार मंडल की जिला कार्यसमीति की कार्यशाला आयोजित

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** दून उद्योग व्यापार मंडल की जिला कार्यसमीति द्वारा कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में दोनों व्यापार मंडल के अध्यक्ष विपिन नागलिया के द्वारा सभी कार्यकर्ताओं एवं व्यापार मंडल के सभी प्रतिनिधियों का स्वागत अभिनंदन किया गया। उन्होंने कहा कि आज देहरादून में दून व्यापार मंडल की कई समितियां गठित की गई हैं।




कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए।

हमारा एकमात्र उद्देश्य है देहरादून के सभी व्यापारियों का संरक्षण करना और व्यापारी किस प्रकार समाज हित में काम करते हुए अपनी अहम भूमिका को निभाते हैं। इस ओर सरकार को ध्यान दिलाना और सरकार के साथ सामंजस्य बनाते हुए देहरादून को एक सुंदर स्वरूप के रूप में देहरादून अपनी छवि को बनाकर रखें यह हमारे सभी व्यापारियों की एक अहम भूमिका है। कार्यक्रम में सिद्धार्थ उमेश अग्रवाल के द्वारा सभी प्रतिनिधियों का स्वागत अभिनंदन किया गया और कहा कि महानगर देहरादून में दून उद्योग व्यापार मंडल 1972 से काम करता आ रहा है अगर हम अपनी जीवन में किसी व्यापार की बात करें तो बड़ा सोचने की बात होती लेकिन आज पिछले 53 वर्षों से यानि 5 दशकों से भी अधिक समय से दून उद्योग व्यापार मण्डल निरंतर अपने सिद्धान्तों पर अडिग रहते हुए व्यापारी हितों के लिए कार्य कर रहा है। इस संगठन की आधारशिला उस समय रखी गई जब पूरे देश में इक्का–दुक्का संगठन ऐसे थे जो व्यापारियों की चिंता करते थे। मित्रों, कर विभाग का चपरासी भी अपने को अधिकारी समझता था और मजबूरी में ही सही व्यापारी उसे अपना माय बाप साथियों कहना गलत ना होगा कि अगर हम कहें कि आज अपनी अथक कार्यशैली और समर्पित लक्ष्य साधना के कारण दून उद्योग व्यापार मण्डल को वो स्थान प्राप्त है जो कई पूरे राज्यों के लिए बने संगठनों को भी प्राप्त नहीं है। अग्रवाल नहीं है अभी कहा कि दून उद्योग व्यापार मण्डल के अध्यक्ष समय समय पर कोई भी रहे हों उन्होने कभी भी व्यापारियों के मुद्दों व स्वाभिमान के साथ समझौता नहीं किया। आज दून उद्योग व्यापार मण्डल के तत्वाधान में जिला देहरादून व जिला ग्रामीण देहरादून के पूरे जिले में व्यापारियों के हितों के लिए काम करते हैं। चाहे वह व्यापारियों के कर का इशु हो या उत्पीड़न का, जब भीजरूरत पड़ी हमने सड़कों पर उतरकर इसकी लड़ाई को लड़ा और व्यापारियों के सुख दुख की एक परिवार की तरह चिंता की। कैसे भुलाया जा सकता है दून उद्योग व्यापार मण्डल की इस यात्रा के जुझारू साथियों को जिन्होने समय–समय पर इस यात्रा को अपने अतिमहत्वपूर्ण योगदान से आगे बढाया और ध्वज वाहक की भूमिका में रहते हुए ।कभी अपनी और अपने व्यापारों की चिंता नहीं की।

## कुमाऊं व गढ़वाल में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी, कई जनपदों के लिए मौसम विभाग ने जारी की चेतावनी

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** उत्तराखंड में मौसम का मिजाज बिगड़ा हुआ है ,पहाड़ से लेकर मैदान मानसून की बारिश का दौर जारी है। पिछले 24 घंटे के भीतर प्रदेश के गढ़वाल मंडल में तेज बारिश जबकि कुमाऊं में हल्की से मध्यम बारिश रिकार्ड की गई।

सबसे अधिक लैंसडाउन में 76 मिमी , सहस्त्रधारा में 70 मिमी ,डंगोली में 63 मिमी ,शामा में 61 मिमी ,कनालीछीना में 46 मिमी , कांडा में 45 मिमी , गदरपुर में 44 मिमी, किच्छा में 43.5 मिमी , सुल्तानपुर पट्टी में 26. 5 , कालाढूंगी में 10.5 मिमी बारिश रिकॉर्ड हुई। वहीं अन्य मैदानी इलाकों में तेज हवाएं चलने से जनजीवन प्रभावित रहा। मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून द्वारा जारी लेटेस्ट मौसम पूर्वानुमान के मुताबिक आज प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में तेज हवाओं के साथ हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है, वहीं तीन जिलों में भारी बारिश को लेकर चेतावनी जारी की गई है।

मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून के जारी पूर्वानुमान के मुताबिक आज सोमवार को उत्तराखंड राज्य के नैनीताल, देहरादून और बागेश्वर जनपदों में कहीं–कहीं गरज चमक के साथ भारी वर्षा की संभावना है। वहीं पौड़ी , उधम सिंह नगर, अल्मोड़ा ,चंपावत , पिथौरागढ़ में तेज बारिश की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र ने प्रदेश के इन जिलों में वर्षा के तीव्र दौर , बिजली चमकने और तेज हवाएं चलने को लेकर येलो अलर्ट की चेतावनी जारी की है।

## बहरूपियों के चेहरे से नकाब हटाता ऑपरेशन कालनेमि

**देहरादून।** एसएसपी देहरादून अजय सिंह के नेतृत्व में ढोंगी बाबाओं के विरुद्ध दून पुलिस ने बड़ी कार्यवाही की। अभियान के तीसरे दिन अलग–अलग थाना क्षेत्रों से साधु संतों के भेष में घूम रहे गैर राज्यों के 23 ढोंगी बाबाओं के साथ कुल 34 ढोंगी बाबाओं को दून पुलिस ने गिरफ्तार किया। अभियान के तहत पुलिस द्वारा की जा रही कार्रवाई की एसएसपी द्वारा स्वयं मॉनिटरिंग की जा रही है। ऑपरेशन कालनेमि के तहत दून पुलिस द्वारा 03 दिनों में 82 ढोंगी बाबाओ को गिरफ्तार किया जा चुका है। लोगों की आस्था के साथ खिलवाड़ करने वाले ढोंगी बाबाओं के विरुद्ध कठोर कार्यवाही के लिए सभी थाना प्रभारियों को लगातार निर्देश दिए जा रहे हैं।

## न्यूज डायरी

### मसूरी में शराब बिक्री के खिलाफ महिलाओं ने खोला मोर्चा



**मसूरी।** बिलारू क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे खोली गई शराब की दुकान ने स्थानीय जनता, विशेष रूप से महिलाओं में आक्रोश भड़का दी है। क्षेत्र की महिलाओं ने इस कदम को समाज विरोधी करार देते हुए न केवल विरोध प्रदर्शन किया, बल्कि सभासद जसबीर कौर के नेतृत्व में सोमवार को एसडीएम कार्यालय पहुंचकर जिलाधिकारी देहरादून के नाम ज्ञापन भी सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने तत्काल शराब की दुकान को बंद करवाने की मांग की है। विरोध जताने आई बिलारू की महिलाओं ने बताया कि जब से यह दुकान खुली है, तब से हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं। खुलेआम सड़क किनारे शराब पीने की घटनाएं बढ़ गई हैं। जिस रास्ते से गांव के बच्चे स्कूल और कॉलेज जाते हैं, वहीं शराब के नशे में धुत लोग बैठे मिलते हैं। जिससे छात्राओं को खासा असहज और असुरक्षित महसूस हो रहा है। एक महिला ने गुस्से में कहा कि हम अपने बच्चों को कैसे पढ़ने भेजें? जब हर मोड़ पर शराब पीते लोग मिलेंगे तो बेटियों की सुरक्षा कौन करेगा? महिलाओं ने बताया कि यह सिर्फ एक दुकान नहीं है, बल्कि पूरे सामाजिक ढांचे को गिराने की शुरुआत है।

# चिकित्सकों ने त्वरित उपचार कर बचाई महिला की जान

**रुद्रप्रयाग (नजरिया खबर ब्यूरो)।** लंबे समय से स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझ रही सुमाड़ी भरदार निवासी 53 वर्षीय कुसुम भट्ट का स्थानीय पोस्ट ऑफिस में अचानक तबीयत बिगड़ गई। उन्होंने इसकी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राम प्रकाश को फोन कर अपनी गंभीर स्थिति की जानकारी दी।



मामले की गंभीरता से लेते मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने तत्काल चिकित्सकीय टीम को सक्रिय कर कुसुम भट्ट को जिला चिकित्सालय में भर्ती करवाया। वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. मनीष ने महिला की जांच कर पता चला कि उन्हें रक्त की भारी कमी और किडनी समस्या है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए डॉक्टरों की टीम ने त्वरित उपचार प्रारंभ कर कुसुम भट्ट को दो यूनिट रक्त चढ़ाकर प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया। चिकित्सकों के त्वरित प्रयास और बेहतर चिकित्सीय सुविधाओं की बदौलत उनकी स्थिति में निरंतर सुधार हो रहा है। कुसुम भट्ट ने स्वस्थ होने के बाद समस्त चिकित्सकों, स्टाफ तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राम प्रकाश का हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया।

उन्होंने कहा कि जिला अस्पताल में जिस प्रकार की त्वरित और बेहतर सेवाएं मिल रही हैं, उससे ग्रामीण क्षेत्रों के लोग भी भरोसे के साथ यहां इलाज के लिए आ सकते हैं। महिला का इलाज कर रहे वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. मनीष ने बताया कि "कुसुम भट्ट की सभी जांचें और उपचार पूरी तरह निःशुल्क किए गए हैं। अब उनकी स्थिति सामान्य है।

## पेज 01 का शेष...

### सीएम धामी ने पीएम मोदी से की भेंट, राज्य के विकास से संबंधित विभिन्न विषयों पर की चर्चा

मुख्यमंत्री ने अगस्त 2026 में आयोजित इस पर्वतीय महाकुंभ नंदा राजजात यात्रा के लिए प्रधानमंत्री जी को आमंत्रित किया और साथ ही यात्रा में अवस्थापना सुविधाएं सुनिश्चित किए जाने के लिए 400 करोड़ की धनराशि केंद्र से उपलब्ध कराए जाने का अनुरोध भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2027 में हरिद्वार में दिव्य और भव्य महाकुंभ का आयोजन किया जाना है। राज्य सरकार द्वारा इसकी तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। इसके सफल आयोजन के लिए हरिद्वार में पुलों की मरम्मत, पार्किंग, विद्युत, पेयजल, शौचालय, परिवहन, श्रद्धालुओं के लिए पैदल मार्ग सहित अन्य कार्य कराए जाने हैं। मुख्यमंत्री ने इसके लिए 3500 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता दिये जाने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने ऋषिकेश और हरिद्वार शहरों में एचटी व एलटी विद्युत लाईनों को भूमिगत करने के साथ ही विद्युत प्रणाली को स्वचालित करने के लिए उत्तराखण्ड सरकार द्वारा भेजी गई 1015 करोड़ की डीपीआर को आरडीएसएस योजना के अंतर्गत स्वीकृत किये जाने के लिए संबंधित को निर्देशित करने का भी अनुरोध किया।

स्वत्वाधिकारी नजरिया खबर के लिए स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक गीता जायसवाल द्वारा श्रेष्ठा प्रिन्टर्स, वार्ड नं.03,पो.ओ. लालकुंआ जिला–नैनीताल, उत्तराखण्ड से मुद्रित तथा 14–डी मीडो प्लाजा, प्रथम तल राजपुर रोड देहरादून, उत्तराखंड से प्रकाशित सम्पादक : विजय जायसवाल फोन नं. – 0135&2740930, 9837027458 RNI NO: UTTHIN/2008/25052 प्रकाशन सम्बन्धी सभी विवादों का निस्तारण सिर्फ देहरादून न्यायालय होगा। E-mail: nazariakhabar@gmail.com

Website : www.nazariyakhabar.com

डाक पंजीयन : UA/DO/DDN/402/2017-19